नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कामलुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

उचित दर दुकानें

8. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय उचित दर दुकानों की राज्यवार कुल संख्या कितनी है ; और

(ख) इन दुकानों का लाभ देश की कुल कितने प्रतिशत आबादी को मिल रहा है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कामलुद्दीन अहमद) : (क) और (ख) एक विवरण दिया गया है (नीचे देखिए) जिसमें देश में उचित दर की दुकानों का राज्यवार संख्या दी गई है।

सरकार की मौजूदा नीति के अनुसार देश की समूची आबादी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभों की हकदार है। तथापि, यह सम्भव है कि अनेक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ऐसे अनेक परिवार हों, जिन्हें राशन कार्ड जारी नहीं किए गए हों अथवा जो अन्यथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से राशन न लेते हों। ऐसे परिवारों की संख्या का ठीक-ठीक आंकलन ज्ञात नहीं है।

विवरण

क्र० सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	31-3-93 को उचित दर की दुकानों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	37257
2.	अरुणाचल प्रदेश	509
3.	असम	27034
4.	बिहार	44259
5.	गोवा	577
6.	गुजरात	12874
7.	हरियाणा	6991
8.	हिमाचल प्रदेश	3305
9.	जम्मू व कश्मीर	2633
10.	कर्नाटक	17364
11.	केरल	13050
12.	मध्य प्रदेश	17701
13.	महाराष्ट्र	36643
14.	मणिपुर	1763
15.	मेघालय	3516
16.	मिजोरम	874
17.	नागालैण्ड	473
18.	उड़ीसा	22684
19.	पंजाब	10668
20.	राजस्थान	15617
21.	सिक्किम	1405
22.	तमिलनाडु	21977
23.	त्रिपुरा	1274
24.	उत्तर प्रदेश	74238
25.	पश्चिम बंगाल	20266
26.	अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	326
27.	चंडीगढ़	326
28.	दादरा व नगर हवेली	59
29.	दमन व दीव	41
30.	दिल्ली	3555
31.	लक्षद्वीप	31
32.	पांडिचेरी	358
	देश योग :	399738